तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 अगस्त 2025



11 जन चेतना मंच ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस



12 भोजली प्रतियोगिता में भगवती समूह प्रथम...



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# दुर्घटना में घायल गाय का ग्रामीण ने कराया इलाज और दिया गोसेवा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला

आजकल कई लोग गो सेवा को सिर्फ सोशल मीडिया पर दिखावे का माध्यम बना चुके हैं, वहीं ग्राम चंडी निवासी राजू वर्मा जैसे लोग भी हैं, जो बिना प्रचार, पूरी निष्ठा और निःस्वार्थ भावना से गौ माता की सेवा के लिए समर्पित हैं। राजू वर्मा गांव के पास सड़क किनारे एक छोटा सा नाश्ते का होटल चलाते हैं। बीते शनिवार को बलौदाबाजार–सिमगा मार्ग पर स्थित श्री सीमेंट फैक्ट्री के मुख्य गेट के पास एक अज्ञात भारी वाहन ने एक गौ माता को टक्कर मार दी और वहां से फरार हो गया। गाय की हालत गंभीर थी दोनों पैर टूट चुके थे, ▸▸ शेष पेज 11 पर

## अज्ञात वाहन टक्कर मार हुआ फरार, तड़पती गाय का इलाज कराने राहगिरों ने भी नहीं दिखाई हमदर्दी



### सेवा मेरा धर्म है, प्रचार नहीं चाहिए

राजू वर्मा से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा मुझे प्रचार पसंद नहीं है। मैं सिर्फ अपना कर्तव्य निभा रहा हूं। गौ माता हमारी जननी हैं और उनकी सेवा करना मेरा धर्म है। विशेष बात यह है कि राजू वर्मा का एक हाथ विकलांग है, फिर भी वे जिस साहस और समर्पण से यह सेवा कार्य कर रहे हैं, वह अपने आप में एक प्रेरणा है।समाज और शासन से उन्होंने अपील की है कि गौ सेवा को सिर्फ सरकार पर न छोड़ें। यदि कोई गाय नहीं पाल सकता तो गौशाला में एक गाय को गोद ले, और उसका मासिक खर्च वहन करे यह भी एक प्रकार की गौ सेवा ही है। साथ ही उन्होंने शासन से कठोर कानून बनाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाएं रोकी जा सकें और दोषी वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई हो सके।

### खुद के पैसे से कराया इलाज

आखिरकार, उन्होंने निराश होने के बजाय हिम्मत दिखाई और अपने निजी खर्चे पर एक डॉक्टर को बुलाकर गाय का इलाज करवाया। फिर खुद ही उसे वाहन से उठवाकर स्थानीय गौशाला पहुंचाया, जहां अब उसका इलाज जारी है और हालत में सुधार है। राजू वर्मा कोई नए गौ सेवक नहीं हैं। वे पिछले 11 वर्षों से लगातार घायल व मृत गायों की सेवा और सम्मानजनक अंतिम संस्कार करते आ रहे हैं। यदि किसी गाय की मृत्यु हो जाती है, तो वे अपने पैसे से जेसीबी बुलाकर गड्ढा खुदवाते हैं, पूजा-पाठ कर विधिवत अंतिम संस्कार करते हैं। वे इस कार्य को भी उतनी ही श्रद्धा से करते हैं जैसे कोई अपने परिवार के सदस्य की विदाई करता है।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स एसोसिएशन का जत्था रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना




**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के अंतर्गत बलौदाबाजार पेंशनर्स एसोसिएशन के पांच सदस्यों को कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक टंकराम वर्मा की अनुशंसा पर अयोध्या धाम दर्शन का अवसर मिला। सोमवार सुबह 8 बजे जनपद कार्यालय परिसर से जय श्री राम के उद्घोष के साथ तीर्थयात्रियों का जत्था रायपुर के लिए रवाना हुआ। अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन की कल्पना मात्र से ही यात्री उल्लास और भावनाओं से भर उठे। इस अवसर पर पेंशनर्स एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष एसडी पड़वार, केके वर्मा, जीपी वर्मा, आरपी मिश्रा एवं उनकी पत्नी यात्रा में सम्मिलित हुए। सभी सदस्यों ने इस अविस्मरणीय यात्रा के लिए मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

### कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम छोटेडाभा के पास एक कार की टक्कर से मोटर साइकिल चालक की मौत हो गई। मामले को लेकर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी तुलसीदास मिरी निवासी ग्राम डोंगरीपाली जिला बरगढ़ (ओडिशा) ने बताया कि 10 अगस्त को सूचना मिली कि उसका बड़ा भाई जगजीवन पिता भानू मिरी (42) ग्राम डोंगरीपाली का एक्सीडेंट हो गया है। बाद वह अपने पिता भानू मिरी के साथ बसना के सरकारी अस्पताल आया और देखा कि जगजीवन मिरी की मृत्यु हो गई थी। पूछताछ करने पर पता चला कि मेरा भाई बसना के वृंदावन कोसरिया के यहां अपने काम से आया था और वापस मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो क्रमांक ओडी 17 पी 5983 से बसना से अपने घर ग्राम डोंगरपाली ओडिशा जा रहा था कि करीबन 3.40 बजे के बसना पदमपुर रोड सरस्वती राईस इंडस्ट्रीज के सामने ग्राम छोटेडाभा के पास पहुंचा था तभी गढफुलझर की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 4987 के चालक ने ठोकर मार दी।

## कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# 6 कृषि केंद्रों में मिली अनियमितता, नोटिस जारी, कीटनाशक एवं फफूंदनाशक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार





जिला कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल ने जिले के विभिन्न विकासखंडों के कृषि केंद्रों में छापेमारी की कार्रवाई की। जांच के दौरान अनियमितता पाये जाने पर 6 कृषि केन्द्रों को नोटिस जारी किया तथा 1 कृषि केन्द्र का कीटनाशक एवं फफूंदनाशक जब्त किया गया।

जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, तहसीलदार राजू पटेल, नायब तहसीलदार हमेश साहू, सहायक भू संरक्षण अधिकारी नारद कुमार भारद्वाज, उर्वरक निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा बलौदाबाजार के प्रवीण इंटरप्राइजेज एवं नवीन ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। नवीन ट्रेडर्स में उपलब्ध कीटनाशकों का स्त्रोत प्रमाण पत्र संधारित नहीं किया गया था, विक्रय केंद्र में उपलब्ध स्कंध एवं दर सूची प्रदर्शित नहीं किया गया था साथ ही स्कंध पंजी एवं बिल बुक का भी उचित संधारण नहीं किया गया था, जिस कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रवीण एंटरप्राइजेज बलौदाबाजार का भी निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में उपलब्ध कीटनाशकों का स्त्रोत प्रमाण पत्र संधारित नहीं किया गया था जिस कारण संबंधित कीटनाशक एवं फफूंदनाशक जब्त किया गया।

पलारी एसडीएम दीपक निकुंज एवं उर्वरक निरीक्षक सुचिन कुमार वर्मा द्वारा पलारी के किसान सेवा केंद्र एवं कृषि सेवा केंद्र क्या निरीक्षण किया गया।

### निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में निर्धारित प्रारूप में स्कंध पंजी



का निर्धारण नहीं करने तथा विभाग को नियमित रूप से मासिक जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। भाटापारा एसडीएम अभिषेक गुप्ता, उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक एवं उर्वरक निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा विकासखंड भाटापारा में संचालित कृषि सोपान तथा न्यू साहू कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केन्द्रों में भौतिक स्कंध एवं पास में प्रदर्शित स्कंध भिन्नता पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह सिमगा एसडीएम अंशुल वर्मा, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जयइन्द्र कंवर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भागीरथी प्रजापति एवं संतोष दास मानिकपुरी द्वारा सिमगा में संचालित किसान कृषि केंद्र एवं दामाखेड़ा के अग्रवाल कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में भौतिक स्कंध एवं पास मशीन में उपलब्ध स्कंध में भिन्नता पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# मतदाता सूची में हेराफेरी और चुनावी धोखाधड़ी का कांग्रेस ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

■ राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रसारण

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का प्रसारण किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मतदाता सूची में कथित हेराफेरी, चुनावी धोखाधड़ी और वोट चोरी के मामलों को उजागर किया। राहुल गांधी द्वारा यह मुद्दा भाजपा और चुनाव आयोग की कथित सांठगांठ को सामने लाने तथा इसके खिलाफ राष्ट्रव्यापी जन जागरण अभियान के तहत उठाया गया। कांग्रेस का यह अभियान देशभर में एक साथ चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिला स्तर पर भी प्रसारण कार्यक्रम आयोजित हुए। बलौदाबाजार के कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व बोर्ड अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, कालिंद्री वर्मा, आर्यन शुक्ला, वैभव केसरवानी, संतोष यादव, गायत्री केवट, भानु प्रसाद साहू, गौरी भृगु, सुनील कुर्रे, परमेश्वरी साहू, प्रवीण सेन, अभिषेक पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बलार बांध से सिंचित होंगी खेती आज छोड़ा जाएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल/लवन



कसडोल क्षेत्र में पानी की कमी से खेत सुख चुका है, जिससे फसल नुकसान होने की स्थिति में पहुंच चुका है। किसानों की मांग पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने जिला प्रशासन से चर्चा कर 12 अगस्त से बलार बांध से पानी छोड़ने की बात कही।

कसडोल क्षेत्र में लगातार 20 से 25 दिनों तक वर्षा न होने से खेत सूखने की स्थिति में पहुंच चुका है। खासकर ग्राम कटगी, सेल, सर्वा, छेछर, मालदा के किसान अवधेश वर्मा, लखन लाल वर्मा, संतोष कश्यप सरपंच, बलदेव साहू, फ़रित राम साहू, सहदेव साहू आदि ने बताया कि अभी खेत में पानी सुख चुका है लेकिन फसल नुकसान नहीं हुआ है। समय रहते पानी मिल जाए तो अभी कोई नुकसान नहीं होगा और फसल बर्बाद होने के बाद पानी मिला तो कोई फायदा नहीं है। कसडोल के किसान समिति के जीत राम यादव, अनूप साहू, मोहन साहू ने कहा कि कसडोल में जो लाईहरा से फसल लगाए है, उनकी स्थिति ज्यादा खराब है यहां हड़हापारा, चांदली खार में पानी नहीं है बलार जलाशय से अतिशीघ्र पानी छोड़ा जाना चाहिए। गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया कि खेतों में पानी की कमी को देखते हुए ▸▸ शेष पेज 11 पर

# तलवार लहराने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा



स्थानीय पुलिस ने गनियारी से एक व्यक्ति को अवैध रूप से तलवार लेकर लोगों को डराने-धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कृष्ण कुमार वर्मा 49 वर्ष के रूप में हुई है, जो गनियारी के वार्ड नंबर 13, रावणभाठा का रहने वाला है।

मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि कृष्ण कुमार वर्मा रावण चौक के पास अपने हाथ में लोहे की तलवार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। इस सूचना के बाद, खरोरा पुलिस की टीम ने गवाहों के साथ मिलकर बताए गए स्थान पर घेराबंदी की और आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के बाद, जब पुलिस ने आरोपी से तलवार रखने के संबंध में दस्तावेज मांगे, तो वह कोई कागजात पेश नहीं कर सका। इसके बाद, गवाहों के सामने पुलिस ने तलवार को ▸▸ शेष पेज 11 पर

# भोजली प्रतियोगिता में केजा बाई समूह प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुंडा



■ परसापाली में प्रतियोगिता में 28 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

ग्राम पंचायत परसापाली में वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वाहन करते हुए इस वर्ष भी रविवार को साहडा देव चौक में जय भोले जन सेवा समिति के तत्वावधान में भो ज ली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसमें 10 बजे साहडा देव के पास कार्यक्रम स्थल पर साज समाज के साथ टोकनी सजाकर पहुंच कर अपना नाम दर्ज कराया गया, जिसमें कॉल 28 प्रतिभागी भाग लिए। आयोजक समिति द्वारा निरीक्षण करते हुए अंक के आधार से प्रतिभागियों का चयन किया गया। इस कार्यक्रम ▸▸ शेष पेज 11 पर

## कलेक्टर ने कालाबाजारी रोकने कृषि विभाग की ली बैठक

# निजी कृषि केंद्र निर्धारित दरों पर उर्वकर की बिक्री करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार क़ो जिले के सहकारी समितियों में उर्वरक भण्डारण एवं वितरण तथा क़ृषि सेवा केंद्रों द्वारा निर्धारित दर पर विक्रय क़ो लेकर समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों क़ो उर्वरक लेने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। निजी दुकानों द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वकर का विक्रय किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि क़ृषि विभाग सहित एसडीएम एवं तहसीलदार भी सेवा केंद्रों में छापेमारी कर उर्वरक की कालाबाजारी पर कड़ी कार्यवाही करें। लगातार जांच अभियान चलाएं और अनियमिता पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि किसानों क़ो मांग के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराएं। उर्वरक लेने में कोई समस्या न आने दें। निजी विक्रेताओं पर कड़ी निगरानी रखें। सभी विक्रेताओ को उर्वरक विक्रय का बिल किसानों को देना होग़ा। प्रतिदिन उर्वरक भण्डारण और वितरण स्टॉक रजिस्टर में दर्ज करना होग़ा तथा पॉस से पावती की क्लियरेंस भी करना होग़ा। बताया गया कि जिले में लगभग 2000 मेट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता है वहीं 200 मेट्रिक टन यूरिया सोमवार क़ो मिलने वाला है। 529 टन डीएपी डबल लॉक में उपब्ध है।

निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक विक्रय हो- कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि छतीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक का विक्रय सहकारी समितियों और क़ृषि सेवा केंद्रों में होनी चाहिए। खरीफ 2025 हेतु रासायनिक उर्वरक विक्रय के लिए निर्धारित मूल्य अनुसार यूरिया 266.50 रुपये प्रति बोरा, डीएपी 1350 रुपये प्रति बोरा, एमओपी 1535 रुपये प्रति बोरा, एनपीके (12:32:16 नवीन स्कन्ध) 1720 रुपये प्रति बोरा, एनपीके (20:20:0:16 नवीन स्कन्ध) 1300 रुपये प्रति बोरा, एसएसपी (पावडर) 474 रुपये प्रति बोरा है। कंट्रोल रूम से कर सकते हैं सम्पर्क - सहकारी समिति या निजी दुकानों में उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या या कोई शिकायत हो तो जिला कंट्रोल रूम संपर्क सूचित कर सकते है। प्राप्त सूचना या शिकायत पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

# डिजिटल माध्यमों ने बिगाड़ी प्राचार्यों की मानसिक सेहत, अब रविवि करेगा सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अब संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों की मानसिक सेहत सुधारने के लिए अलग जतन करेगा। बीते माह राजभवन में हुई समीक्षा बैठक में इसे लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन को आदेश मिले थे। इसके बाद भी रविवि द्वारा यह व्यवस्था की जा रही है। इनमें रविवि से संबद्ध सभी शासकीय व निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ ही अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपति और प्रदेशभर के सरकारी कॉलेजों के प्राचार्य शामिल होंगे। रविवि इसके लिए देशभर के विशेषज्ञों की मदद लेगा। प्रथम चरण का वर्कशॉप अगस्त माह में ही आयोजित किया जा रहा है। इसमें डिजिटल मेंटल हेल्थ पर चर्चा की जाएगी। डिजिटल मेंटल हेल्थ के अलावा अन्य मानसिक समस्याओं के समाधान के लिए भी समय-समय पर वर्कशॉप लगाकर प्राचार्यों को जानकारी दी जाएगी। फिलहाल यह व्यवस्था केवल प्राचार्यों के लिए की जा रही है, बाद में इसे प्राध्यापकों के लिए भी प्रारंभ करने प्रयास किए जाएंगे। डिजिटल माध्यमों में सक्रियता बढ़ने के साथ ही अकादमिक कार्य भी पहले की तुलना में ऑनलाइन मोड में अधिक हो रहे हैं। दिन के लंबे समय डिजिटली एक्टिव होने से कई तरह के नकारात्मक प्रभाव भी पड़ रहे हैं। इनके निदान और पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने ये प्रयोग हो रहे हैं।

अलग खबर

- समीक्षा बैठक के दौरान राजभवन से मिले थे निर्देश
- डिजिटल समस्याओं के अलावा अन्य मानसिक समस्याओं का भी करेंगे समाधान



### राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में पृथक सेल

गौरतलब है कि एनआईटी, आईआईटी, ट्रिपलआईटी जैसी राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं में मानसिक सेहत की दिशा में विशेष कार्य किए जा रहे हैं। यहां इसके पृथक सेल ही निर्मित हैं। छात्रों के लिए काउंसलर्स की भी नियुक्ति यहां स्थायी रूप से होती है। इसी तर्ज पर अब प्रदेश के विश्वविद्यालयों में भी प्राचार्य सहित प्राध्यापकों और छात्रों की मानसिक सेहत सुधारने प्रयत्न किए जाएंगे। महाविद्यालयों को इस संदर्भ में खत भी प्रेषित कर दिया गया है।

### छात्रों के लिए पहले ही व्यवस्था

रविवि द्वारा छात्रों की मानसिक स्थिति सुधारने पिछले सत्र से ही कोशिशें की जा रही हैं। विवि अध्ययनशाला के विद्यार्थियों की मानसिक सेहत में सुधार के लिए काउंसिलिंग की व्यवस्था की गई है। किसी भी तरह की समस्या होने पर विद्यार्थी विशेषज्ञों की मदद ले सकते हैं। उन्हें परामर्श के अलावा क्लिनिकल सलाह भी दी जा रही है। छात्रों की मानसिक सेहत में सुधार के लिए भी ये कोशिशें तनाव में वृद्धि संबंधित समस्याओं के सामने आने के बाद की गई थी।

## खबर संक्षेप



### सीएम साय आज सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के दौरे पर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 11 अगस्त सोमवार को सारंगढ़ के शासकीय महाविद्यालय मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले को 186 करोड़ रुपए के विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात देंगे, जिसमें 90 करोड़ की लागत वाले कार्यों का भूमिपूजन तथा 96 करोड़ की लागत से हुए विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण शामिल है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव, विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, सांसद जांजगीर-चांपा कमलेश जांगड़े, सांसद राज्यसभा देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक सारंगढ़ उत्तरी गणपत जांगड़े, विधायक बिलाईगढ़ कविता प्राण लहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, उपाध्यक्ष जिला पंचायत अजय जवाहर नायक विशिष्ट अतिथि होंगे।

### जरूरतमंद बच्चों को भेंट किए स्कूली जूते




**रायपुर।** ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा याद-ए-हुसैन कार्यक्रम श्रद्धा और सेवा की भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा 1 से 10वीं तक के जरूरतमंद छात्रों को स्कूल के जूते बतौर उपहार वितरित किए गए। फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष मो. सिराज ने बताया कि यह पहल हर वर्ष उन बच्चों की मदद के लिए की जाती है, जिनके पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। जूतों का यह छोटा-सा तोहफा उन्हें स्कूल तक पहुंचने में सहूलियत देगा। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में आयोजित सीरत-ए-हसनैन क्विज प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। साथ ही संस्था द्वारा संचालित स्कूल दी सीड्स में योगदान देने वाले सभी सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में शाजी रशीद साहब, अलकाफ गनीवाला, शाहबान खान, फैसल, जसीम, यूसुफ, आसिफ भिंसरा तथा यासिर भाटी, अब्दुल्ला खान, गुड्डा, इमाम अजैन, अजहर आदि शामिल थे।

### नंदी का उपचार करने गए युवक से मारपीट

**रायपुर।** माना थाने में घायल नंदी का उपचार करने गए एक युवक ने दो लड़के तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एयरपोर्ट मार्ग निवासी संस्कार गोस्वामी ने पंकज अंसारी, द्वारिका कुर्रे तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। संस्कार ने पुलिस को बताया कि एयरपोर्ट मार्ग पर नंदी बैल के घायल होने की सूचना पर वह अपने साथी विवेक पाण्डेय के साथ नंदी बैल का उपचार करने पहुंचा। मौके पर उपस्थित पंकज तथा द्वारिका ने संस्कार तथा उसके साथी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और अपनी गाड़ी में जबरन ले जाने की कोशिश की।

### शराब की बिक्री पहले की तुलना में इस वर्ष ज्यादा प्रभावित

# सावन बीता और पहले ही दिन शराब दुकानों में भीड़, अंडा-चिकन के दाम और बिक्री में उछाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस वर्ष सावन में मांसाहारी खाने वाले 50 प्रतिशत लोगों ने इससे दूरी बनाई। इसके चलते पूरे एक माह तक चिकन की बिक्री बुरी तरह प्रभावित रही। अंडे को कई लोग शाकाहार के रूप में मानते हैं, इस वजह से उसकी बिक्री में ज्यादा गिरावट दर्ज नहीं की गई। अलबत्ता उसके रेट में अब इजाफा हो गया है।

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ हैचरीज एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय ब्राह्मणकर का कहना है, पूरे प्रदेश में इस वर्ष अन्य वर्षों की तुलना में चिकन की बिक्री बुरी तरह से प्रभावित रही है। राज्य में औसतन प्रतिदिन साढ़े पांच लाख किलो चिकन की बिक्री होती है। सावन में इसकी बिक्री ढाई से तीन लाख किलो के करीब रही। इस बार सावन में चिकन की बिक्री में अतिरिक्त 10 से 15 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। अंडे की बिक्री में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 से 20 प्रतिशत गिरावट रही।

### सावन के जाते ही बिक्री में इजाफा

हैचरीज एसोसिएशन के अध्यक्ष के अनुसार सावन पूर्णिमा के बाद से ही चिकन की मांग में वृद्धि दर्ज की गई है। सावन जाने के दूसरे दिन रविवार होने की वजह से अकेले रायपुर में शाम 5 बजे की स्थिति में एक से सवा लाख किलो चिकन की बिक्री हुई। उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश में एक दिन में जितना चिकन की बिक्री होती है, उसमें 33 प्रतिशत हिस्सा अकेले रायपुर जिले का रहता है। इस वजह से पूरे प्रदेश के चिकन कारोबारी रायपुर में चिकन, अंडे के रेट खुलने का इंतजार करते हैं। रायपुर में जो कीमत तय होती है, उसी आधार पर राज्य के अन्य जिलों में कीमत तय होती है।

### खुले में छह रुपए बिकने वाले अंडे की कीमत अब सात रुपए, चिकन 175 रुपए हुआ



- अकेले रायपुर में रविवार शाम 5 बजे की स्थिति में एक से सवा लाख किलो चिकन की बिक्री हुई
- अंडे की बिक्री में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 से 20 प्रतिशत गिरावट रही

### चिकन-अंडे के दाम में बढ़ोतरी



हैचरी एसोसिएशन के अध्यक्ष के अनुसार मांग के अनुरूप कीमत तय होती है, लेकिन इस बार कीमतों में जो इजाफा हुआ है, उसकी वजह मुर्गी दाने की कीमतों में वृद्धि है। एक सप्ताह पूर्व तक चिकन के दाम 130 से 140 रुपए तक थे। पिछले दो-तीन दिनों से चिकन 170 से 175 रुपए किलो बिक रहा है। इसी तरह से अंडे की कीमत चिल्हर में छह रुपए की जगह सात से आठ रुपए हो गया है। चिकन की अपेक्षा अंडे की कीमतों में ज्यादा वृद्धि हुई है।

### इस वजह से मांसाहार से दूर हुए

सावन में चिकन, अंडे, मांस की बिक्री कम होने की वजह संत, महात्माओं द्वारा आयोजित धार्मिक आयोजन में धर्म के प्रति आस्था जगाने तथा आयोजन का सीधा प्रसारण कर लोगों को मांसाहार से दूर रहने अपील करने का असर रहा है। इस वजह से भी लोग सावन में मांसाहार तथा शराब से दूरी बनाए हुए थे।

### *शराब की बिक्री में 15 से 20 प्रतिशत तक गिरावट*

*जिले में औसतन प्रतिदिन 18 से 20 करोड़ रुपए के आसपास शराब की बिक्री होती है। सावन में हर साल शराब की बिक्री में 10 से 15 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की जाती रही है। आबकारी अफसरों के अनुसार, इस वर्ष सावन में अन्य वर्षों की तुलना में शराब की बिक्री में 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। सावन के दूसरे दिन रविवार को शराब बिक्री के आंकड़े मांगे जाने पर अफसर दूसरे दिन वास्तविक आंकड़े बताने की बात कही। अफसरों के अनुसार, पिछले रविवार की अपेक्षा इस रविवार शराब की बिक्री अच्छी रही।*

### निर्माण लागत 3 करोड़ 32 लाख रुपए

# स्मार्ट टॉयलेट की तर्ज पर बनेंगे दर्जनभर से ज्यादा आकांक्षी शौचालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के भीड़भाड़ वाली ऐसे जगहों पर, जहां आम जनता के लिए सार्वजनिक शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है, उन स्थानों पर नगर निगम शहर में आकांक्षी शौचालय का निर्माण कराने की योजना लाया है। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय कर ली गई है। केंद्र और राज्य सरकार की पहल पर धार्मिक तथा सार्वजनिक स्थलों पर 13 आकांक्षी शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

स्मार्ट टएॅयलेट की तर्ज पर शहर में दर्जनभर से ज्यादा चिन्हांकित स्थानों पर 3 करोड़ 32 लाख रुपए की लागत से आकांक्षी शौचालय का निर्माण होगा। जिसमें 10 सीटर शौचालय की संख्या 10 और 6 सीटर शौचालय 3 होंगे। 6 माह की समय सीमा में अनुबंधित एजेंसी को यह कार्य कराना होगा। नगर निगम इस कार्य के लिए नोडल एजेंसी होगी। एक ही मॉडल पर आधारित आकांक्षी शौचालय बनाने नगर निगम ने अनुबंधित एजेंसी को वर्कआर्डर जारी कर दिया है।



**सार्वजनिक स्थानों पर आम जनता को होती थी परेशानी**

**नगर निगम बनवाएगा सुविधायुक्त आकांक्षी शौचालय**

### इन स्थलों पर निर्माण प्रस्तावित

- सिविल लाइन क्षेत्र स्थित कालीमाता मंदिर के पास
- पुरानी बस्ती क्षेत्र के महामाया मंदिर के पास
- तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पास
- बूढ़ापारा क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद सरोवर के पास
- सिविल लाइंस क्षेत्र के कटोरा तालाब चौपाटी के पास
- भाठागांव क्षेत्र स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के पास
- वीआईपी रोड पर श्रीराम मंदिर के समीप
- जीई रोड पर नालंदा परिसर के पास
- समता कॉलोनी में खाटू श्याम मंदिर के पास
- जगन्नाथ मंदिर के पास

# 2023 में विज्ञापन, 2024 में चयन सूची, अब 2025 में दस्तावेज परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में संविदा शिक्षकों के रिक्त 73 पदों पर दो साल बाद भर्ती होगी। इन पदों के लिए विज्ञापन 2023 में जारी हुए थे। इसके बाद अन्य प्रक्रियाएं प्रारंभ हुईं। इसके पश्चात विधानसभा चुनाव व नगरीय निकाय चुनाव सहित कई कारणों से भर्तियां नहीं हो सकीं। अब विज्ञापन जारी होने और मेरिट लिस्ट निकाले जाने के लगभग दो साल बाद उन अभ्यर्थियों को दस्तावेज परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा, जिनके नाम मेरिट लिस्ट में आए थे।

जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर दी गई है। दस्तावेज परीक्षण के लिए अभ्यर्थियों को 11 व 12 अगस्त को बुलाया गया है। शहीद स्मारक शासकीय विद्यालय में इन दस्तावेजों का सत्यापन होगा। संविदा भर्ती के नियमों के मुताबिक, अभ्यर्थियों को केवल एक ही पद के लिए आवेदन की पात्रता थी। एक से अधिक पदों पर दस्तावेज सत्यापन में नाम होने पर आवेदक केवल एक ही पद के लिए दस्तावेज सत्यापन के लिए पात्र माने जाएंगे। आज सुबह 10.30 बजे से दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

- सितंबर 2023 में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में 73 पदों के लिए निकली थी भर्ती
- आज से दो दिनों तक चलेगी प्रक्रिया, एक पद के ही आवेदन मान्य

### *भौतिक शास्त्र के 5 पदों में वृद्धि*

*पूर्व में विज्ञापित पदों में 2 वर्ष पश्चात भर्तियां की जा रही हैं। ऐसे में कुछ विषयों में व्याख्याताओं के पद विलोपित हुए हैं तो कुछ में नए पद जोड़े गए हैं। भौतिक शास्त्र के व्याख्याताओं के 5 पदों में वृद्धि की गई है। सरोना व लालपुर के स्कूल में गणित तथा अभनपुर विद्यालय में अंग्रेजी व्याख्याता के एक-एक पद विलोपित हुए हैं। पदों में भी परिवर्तन किए गए हैं। पदवार तथा विषयवार जानकार जिले की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।*

### *प्रभावित होती रही पढ़ाई*

*चयन सूची जारी किए जाने के दो वर्षों तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की जा सकी, इसके कारण छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित होती रही। कई विद्यालयों में अन्य विषयों के शिक्षकों की मदद से अध्ययन कार्य कराया गया तो कई स्कूलों में पाठ्यक्रम ही पूर्ण नहीं हो सका। इस दौरान स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के साथ ही उन अभ्यर्थियों द्वारा भी जिला शिक्षा कार्यालय को नियुक्तियों के लिए खत लिखा गया था। मौजूदा शैक्षणिक सत्र में भर्तियां होने से परिणाम में सुधार की उम्मीद स्कूल प्रबंधन के साथ छात्रों को भी है।*

- स्वदेशी जागरण मंच का स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन अभियान

# जयस्तंभ चौक पर विदेशी उत्पादों का पुतला दहन, कोल्ड्रिंक बहाकर उस पर लगाई झाड़ू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के जयस्तंभ चौक पर स्वदेशी जागरण मंच की ओर से रविवार को स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन अभियान चलाया गया, जिसमें स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल, कबीरपंथ के संत देवकर साहब, कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा ने विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो का शंखनाद करते हुए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने आवाज बुलंद की। इस मौके पर स्वदेशी वस्तुओं के क्रय-विक्रय और उपयोग करने का संकल्प लिया गया। साथ ही विदेशी कंपनियों के उत्पादों का पुतला फूंका गया। विदेशी कंपनियों के पेय पदार्थ सार्वजनिक स्थान पर बहाकर विरोध जताया गया और उस पर झाड़ू लगाई गई। रैली में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष स्वदेशी के नारे लगाते हुए निकले।

स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत कैट और छतीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों, आर्थिक संगठनों के प्रमुख, महिला शक्ति स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो ने नारे लगाते हुए रैली निकाली। इस अवसर पर नागरिकों ने स्वदेशी वस्तुओं के क्रय-विक्रय और उपयोग का संकल्प लिया। जयस्तंभ चौक पर कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी वस्तुओं की सूची जनता में वितरित की। रैली में शामिल लोग जयस्तंभ चौक से शारदा चौक स्वदेशी के नारे लगाते हुए वापस जयस्तंभ चौक पहुंचकर विदेशी कंपनियों के पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कैट के वरिष्ठ पदाधिकारी अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी शामिल हुए।






- कैट के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट अमर पारवानी, चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष, कार्यकर्ता जुटे

# छत्तीसगढ़ में अच्छी बारिश के बावजूद 12 बड़े बांधों में से 7 आधे ही भर पाए, किसान मांगने लगे धान के लिए पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल मानसून सीजन की शुरुआत होने से पहले ही बारिश शुरू हो गई थी। मानसून सक्रिय होने और एक बार ब्रेक लगने के बाद भी पिछले सप्ताह तक बारिश होती रही, लेकिन इसके बाद भी राज्य के 12 बड़े बांधों में से सात में जलभराव आधा या उसके आसपास ही हो पाया है।

हरिभूमि फॉलोअप

दूसरी ओर रायपुर, धमतरी जिले के किसान अभी से धान की फसल के लिए बांधों से पानी छोड़ने की मांग कर रहे हैं।

- मानसून की शुरुआत से पहले ही बारिश, अब मौसम बेईमान
- खरीफ फसल के लिए किसानों को बादल बरसने का इंतजार



### एक नजर बड़े बांधों पर

राज्य में 12 बड़े यानी मेजर बांध है। इनमें से 7 में जलभराव बारिश के अनुरूप नहीं हो पाया है। बालोद जिले के तांदुला बांध में इस समय जलभराव 57 प्रतिशत है। कांकेर जिले के दुधावा में में 30.55 प्रतिशत पानी जमा हो पाया है। यही हाल धमतरी जिले के सोंदूर बांध का है। यहां 35.68 प्रतिशत पानी है। धमतरी के मुरुमसिल्ली में करीब 42 प्रतिशत जलभराव है। महासमुंद जिले के कोडार बांध में पानी की मात्रा 55 प्रतिशत है। रायगढ़ के केलो बांध में 36 प्रतिशत और अरपा-भैंसाझार में सबसे कम 25 प्रतिशत पानी ही जमा हो पाया है। राज्य के सभी बांधों में इस समय कुल मिलाकर 70 प्रतिशत पानी है, इनमें बड़े, मध्यम व छोटे बांध शामिल हैं। पिछले साल 2024 में इसी समय इन्हीं बांधों में करीब 62 प्रतिशत और 2023 में 70 प्रतिशत से अधिक पानी था।

### *पानी की कमी से बियासी प्रभावित*

*इधर रायपुर, धमतरी व आसपास के जिलों में पिछले एक हफ्ते में कम बारिश होने की वजह से कहा जा रहा है कि यह मानसून ब्रेक का असर है। यही कारण है कि इन दोनों जिलों के किसान धान की फसल के लिए बांधों से पानी छोड़ने की मांग सरकार से कर रहे हैं। हालांकि इस मांग के संबंध में सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया है, लेकिन किसानों का कहना है कि पानी की कमी होने के कारण बियासी का काम प्रभावित हो रहा है। किसानों की ओर से दावा किया गया है कि पानी कम होने के कारण बियासी का काम 10 प्रतिशत ही हो पाया है।*

# सवा दो सौ करोड़ की फर्जी बिलिंग मामले में रिकार्ड समय में कोर्ट में चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अपने कर्मचारियों के नाम से बोगस फर्म बनाकर 223 करोड़ रुपए के फर्जी बिलिंग करने के आरोपी लोहा कारोबारी अमन अग्रवाल के खिलाफ स्टेट जीएसटी के अफसरों ने रिकार्ड समय में कोर्ट में चालान पेश किया है। कारोबारी के ठिकानों पर स्टेट जीएसटी ने 10 जून को छापे की कार्रवाई की थी। बताया जा रहा है, स्टेट जीएसटी की यह पहली ऐसी कार्रवाई है, जिसमें दोषी कारोबारी के खिलाफ कोर्ट में रिकार्ड समय में चालान पेश किया गया है। स्टेट जीएसटी ने कारोबारी के खिलाफ सीजेएम गिरीश मंडावी की कोर्ट में 2137 पेज का चालान पेश किया है।

शासन के निर्देश पर स्टेट जीएसटी टैक्स चोरी करने वाले कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। टैक्स चोरी करने वालों की जानकारी निकालने स्टेट जीएसटी अत्याधुनिक डिजिटल टूल्स, ई-वे बिल पोर्टल के साथ आईपी एड्रेस एनॉलिसिस का उपयोग कर घोटाले की जानकारी हासिल कर कार्रवाई रही है। इसी डिजिटल टूल्स की मदद से स्टेट जीएसटी ने कारोबारी की टैक्स चोरी की जानकारी हासिल कर कार्रवाई की थी।



### घर से संचालित कर रहा था फर्जी फर्म

जांच में पता चला कि अमन अग्रवाल ने 10 से अधिक मजदूरों के आधारकार्ड और मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर फर्जी कंपनियां बनाईं। इनके जरिए उसने 223 करोड़ रुपए के फर्जी बिल जारी कर 53 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की। टैक्स चोरी की पुष्टि कारोबारी के जियो और एयरटेल से प्राप्त डेटा से हुई। कारोबारी फर्जी फर्मों का संचालन अपने निवास से कर रहा था। ट्रांजेक्शन विश्लेषण से पता चला कि कारोबारी ने टैक्स चोरी की रकम तीन बैंकों के खातों में ट्रांसफर की थी। ये खाते महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और गुजरात में थे, जहां से राशि नकद निकालकर सिस्टम से बाहर की गई।

**खबर संक्षेप**



## रामलला दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों की बस रवाना

**भाटापारा।** भाटापारा से अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों का एक जत्था रवाना हुआ। पूर्व विधायक और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने जनपद पंचायत कार्यालय से तीर्थयात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने सभी यात्रियों का माला पहनाकर स्वागत किया और उनकी सुखद और मंगलमय यात्रा की कामना की। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं। तीर्थयात्री इस बस से रायपुर पहुंचे, जहाँ से वे निर्धारित ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना हुए।

## मोर तिरंगा मोर अभियान का आयोजन

**महासमुंद।** भाजपा प्रदेश एवं जिला नेतृत्व क़े आह्वान पर भाजपा शहर मंडल महासमुंद द्वारा देश में आयोजित 2 अगस्त से 15 अगस्त तक मोर तिरंगा मोर अभियान कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया था जिसमें मंडल प्रभारी एवं पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान भाजपा जिला अध्यक्ष एतराम साहू एवं मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका संपन्न हुआ। जिसमें शक्ति केंद्र बूथ एवं वार्डों में तिरंगा यात्रा व घर-घर तिरंगा झंडा लगाने के विषय पर बैठक कर रूपरेखा तैयार किया गया। प्रमुख रूप से बैठक में मंडल महामंत्री मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना साहू, राजू चंद्राकर, एमआर विश्वनाथन, लाल विजय सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, पार्षद शुभ्रा शर्मा, सीता डांडेकर, सुनैना पप्पू ठाकुर, माखन पटेल, पीयूष साहू, मनीष शर्मा, अमन वर्मा, नंदू जलक्षत्री हिमांशु चंद्राकर, आकाश पांडे, मधु यादव, भगवती करकसे, दुर्गा, नईम खान, पांडू राम, शरद मराठा, मसूद खान आदि मौजूद रहे। सोनाधर सोनवानी, गोपी कनौजे, सूर्य प्रताप सिंह, धनीराम यादव, समीर करकसे, गौरव राठी बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीएम जनमन बसाहटों में हर घर जल योजना की समीक्षा

महासमुंद। पीएम जनधन योजना अंतर्गत जिले के 75 कमार बसाहटों में हर घर जल योजना प्रमाणीकरण की समीक्षा की। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक में कहा कि जिन स्थानों पर जल स्त्रोत उपलब्ध हैं, वहां तत्काल कार्य प्रारंभ कर योजनाओं को चालू किया जाए। वहीं, जहां स्त्रोत उपलब्ध नहीं हैं, वहां विभाग को वैकल्पिक स्त्रोत उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। लंगेह ने कहा कि हर घर जल पहुंचना जरूरी है, सभी को स्वच्छ जल पहुंचाना शासन की प्राथमिकता में शामिल है। जितने बसाहटों में जल प्रदाय कार्य प्रारंभ हो चुका है, उन्हें प्रमाणीकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम जनमन योजना शासन की सबसे महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता वाली येजना है।

### नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाए सवालों का प्रसारण

# मतदाता सूची में हेराफेरी कर लोकतंत्र की हत्या का हो रहा प्रयास : इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाए गए तीखे सवालों को भाटापारा के कांग्रेस विधायक इन्द्र साव ने न सिर्फ सही ठहराया, बल्कि और भी आक्रामक होकर आयोग की कार्यप्रणाली पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि आज देश में चुनाव आयोग पर से जनता का भरोसा डगमगा रहा है और यह लोकतंत्र और देश के लिए खतरनाक संकेत है। राहुल गांधी ने हाल ही में आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग सत्ता के दबाव में झुक गया है और कई चुनावी फैसले सीधे-सीधे सत्ताधारी दल के पक्ष में लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा था कि आयोग के द्वारा देश के नागरिकों की स्वतंत्रता पर हमला किया जा रहा है, जो संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। विधायक साव ने राहुल गांधी की बात का समर्थन करते हुए कहा कि आज चुनाव आयोग, जो लोकतंत्र का सबसे बड़ा प्रहरी होना चाहिए, वह सत्ता के दरबार में खड़ा नज़र आ रहा है। यह सिर्फ विपक्ष के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे देश के मतदाताओं के साथ धोखा है। यदि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं रहा, तो यह लोकतंत्र की हत्या होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के चुनावों में आयोग की चुप्पी और एकतरफा कार्रवाइयां यह साबित करती हैं कि जनता के भरोसे से खिलवाड़ हो रहा है। आयोग अगर सत्ताधारी दल की कठपुतली बन गया है, तो यह देश के संविधान के साथ गद्दारी है। जनता को सच्चाई जानने और ईमानदार चुनाव देखने और सवाल पूछने का अधिकार देश के हर नागरिक को है लेकिन सवाल करने पर सवाल उठाने और आपत्ति करने का देश में एक नया ट्रेंड शुरू हो गया है। सवाल उठाने पर आखिर इतनी घबराहट क्यों हो रही है? विपक्ष सवाल न उठाए तो विपक्ष के रहने का कोई मतलब ही नहीं है। वोटों की चोरी होना और लगाए गए आरोप पर चुप्पी साधना अब राष्ट्रीय बहस का मुद्दा बन चुका है।

विधायक साव ने लगभग पौने दो वर्ष पूर्व हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव परिणाम के नतीजे पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव के पहले तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी जैसी कोई बात नहीं थी फिर भी कांग्रेस की सोचनीय पराजय कई सवाल खड़े करते है। विधानसभा चुनाव को लगभग पौने दो साल हो गए लेकिन आज भी आम मतदाताओं को यह ताज्जुब होता है कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार कैसे चली गई? अब जबकि पूरे देश में वोटो की चोरी के आरोप लग रहे है तो छत्तीसगढ़ उससे अछूता कैसे रह सकता है? विधायक इन्द्र साव ने कहा कि अगर चुनाव आयोग ने अपनी गिरती साख को बचाने तुरंत कोई ठोस कदम नहीं उठाए, तो देशभर में जन आंदोलन खड़ा होगा और कांग्रेस सड़कों पर उतरकर जनता की आवाज़ बुलंद करेगी।

### भाटापारा विधायक साव ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

**भाटापारा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के बाद अब भाटापारा के कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने भी चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए हैं। उन्होंने राहुल गांधी के आरोपों का समर्थन करते हुए कहा कि चुनाव आयोग पर से जनता का भरोसा कम हो रहा है, जो लोकतंत्र के लिए एक खतरनाक संकेत है। इंद्र साव ने चुनाव आयोग



पर सत्ताधारी दल के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, /"आज चुनाव आयोग, जो लोकतंत्र का सबसे बड़ा प्रहरी होना चाहिए, वह सत्ता के दरबार में खड़ा नज़र आ रहा है। यह सिर्फ विपक्ष के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे देश के मतदाताओं के साथ धोखा है।/" उन्होंने यह भी कहा कि अगर आयोग निष्पक्ष नहीं रहा, तो यह लोकतंत्र की हत्या होगी। विधायक ने हाल के चुनावों में आयोग की चुप्पी और एकतरफा कार्रवाइयों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आयोग अगर सत्ताधारी दल की कठपुतली बन गया है, तो यह देश के संविधान के साथ गद्दारी है। उन्होंने सवाल करने पर घबराहट को एक नया चलन बताया और कहा कि विपक्ष का काम ही सवाल उठाना है।

#### छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव पर भी उठाए सवाल

इंद्र साव ने पौने दो साल पहले हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के नतीजों पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि उस समय भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ कोई एंटी-इनकंबेंसी नहीं थी, फिर भी कांग्रेस की करारी हार ने कई सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जब पूरे देश में वोटों की चोरी के आरोप लग रहे हैं, तो छत्तीसगढ़ भी इससे अछूता नहीं रह सकता। विधायक इंद्र साव ने चेतावनी दी कि अगर चुनाव आयोग ने अपनी साख बचाने के लिए जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर जनआंदोलन करेगी और जनता की आवाज बुलंद करेगी।

## सेन संगवारी मंच का ऑनलाइन कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




सेन संगवारी सामाजिक उत्थान मंच के तत्वावधान में 10 अगस्त को सेन समाज के नवोदित कवियों के लिए ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सेन श्रीवास समाज के वरिष्ठ कवि रामरतन श्रीवास 'राधे-राधे' तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुंबई से राष्ट्रीय कवि विनय शर्मा 'दीप' और रायपुर सर्व नाई सेन समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर उपस्थित रहे। सम्मेलन में पर्यावरण, सामाजिक जागरूकता, पौधारोपण और ग्लोबल वार्मिंग जैसे विषयों पर कविताएं प्रस्तुत की गईं। कविता पाठ करने वालों में रामरतन श्रीवास 'राधे-राधे', विनय शर्मा 'दीप', तुलेश्वर सेन, लोकनाथ सेन, द्वारिकाधीश सेन, किरण सेन, चन्द्रहास सेन, होरीलाल उमरे, रामसहाय, बंसत श्रीवास, रजनीश कुमार, राधेश्याम सेन और नोहरराम शाण्डिल्य शामिल रहे।

- 12 पर्यावरण मित्रों के नामों की घोषणा

कार्यक्रम के दौरान प्रांतीय पर्यावरण जागरूकता प्रमुख नरेन्द्र सेन ने पर्यावरण क्षेत्र में कार्यरत 12 सामाजिक बंधुओं को 'पर्यावरण मित्र' के रूप में नामांकित किया। इनमें बलौदाबाजार से प्रकाश कुमार सेन, रायपुर से नारायण सेन, कोरबा से राकेश श्रीवास, जांजगीर से महेन्द्र श्रीवास, सारंगढ़ से सुरेश कुमार श्रीवास, राजनांदगांव से अनिल श्रीवास, दुर्ग से संतोष उमरे, धमतरी से विकास सेन, कोंडागांव से संदीप कुमार सेन, बालोद से मंजू ललित कौशिक और गरियाबंद से डिगेश्वर कुमार सेन शामिल हैं। इन्हें स्व. नवली सीताराम सेन की स्मृति में पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र ऑनलाइन भेजे जाएंगे।

डॉ. मनोज ठाकुर ने सेन समाज की पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए प्रत्येक जिले में पौधारोपण अभियान चलाने का आह्वान किया। वहीं कवि विनय शर्मा 'दीप' ने कहा कि साहित्य साधना में किसी एक विशेष विधा पर निरंतर अभ्यास से उत्कृष्टता हासिल की जा सकती है, और समय-समय पर विषय विशेष लेखन करने से रचनाओं में प्रखरता आती है। मुख्य अतिथि रामरतन श्रीवास ने सभी कवियों और चयनित पर्यावरण मित्रों को बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष परमानंद सेन, प्रदेश संरक्षक हरेंद्र उमरे, उपाध्यक्ष प्रीतपाल सिंह सेन और सहसचिव द्वारिकाधीश सेन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति

### 31 अगस्त तक मंगाए गए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के बच्चों की शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत छात्रावृत्ति हेतु 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। योजना अंतर्गत मेघावी छात्र-छात्राओं कों पुरस्कार योजना प्रतिभाशाली बच्चो के लिए शिक्षा प्रोत्साहन योजना, व्यवसायिक कोर्स हेतु छात्रवृत्ति इंजीनियरिंग, मेडिकल, विधि, एमबीबीएस या नर्सिंग कोर्स एवं ग़ैर व्यावसायिक स्नातक बीए, बीएससी, बीकॉम कोर्स हेतु अनुदान योजना शामिल है। मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार योजना के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष में प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति अंतर्गत सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र को 10वी में 2500 रुपए एवं 12वी में 3 हजार दिए जाएंगे।

प्रतिभाशाली बच्चों के लिए शिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष में प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति के अंतर्गत 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक छात्र को 10 वीं में 15 हजार एवं 12वी में 25 हजार दिए जाएंगे। व्यावसायिक कोर्स हेतु छात्रवृत्ति प्रत्येक प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति के अंतर्गत एक विद्यार्थी जिसने किसी भी राज्य शासन या केंद्र शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थान व्यावसायिक कोर्स में प्रवेश लेने पर 10 हजार रु द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं चतुर्थ वर्ष 5 हजार दिए जाएंगे एवं गैरव्यवसायिक स्नातक कोर्स हेतु अनुदान योजना में प्रत्येक प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति के अंतर्गत एक छात्र व एक छात्रा जिसने किसी भी राज्य शासन या केंद्र शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में प्रवेश लेने पर प्रथम वर्ष 5 हजार, द्वितीय वर्ष 4 हजार एवं तृतीय वर्ष 3 हजार दिये जायेंगे। इस योजना का लाभ लेने के लिए तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को पिछले दो वर्षों में से किसी एक वर्ष भी 500 या 500 से अधिक गड्डी तेंदूपत्ता तोड़ा जाना अनिवार्य है। इसके अलावा छात्र -छात्राओं के पास अनिवार्य दस्तावेजों में आधार कार्ड, संग्राहक परिवार के मुखिया का आधार कार्ड, ऑनलाइन भुगतान सूची, संग्राहक परिवार के मुखिया का बैंक पासबुक, छात्र-छात्राओं की 10वी व 12वी की अंकसूची होना अनिवार्य है।

## हायर सेकंडरी में ब्लॉक स्तरीय कला उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





बद्रीनारायण बगड़िया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में विकासखण्ड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने कहा कि ऐसे उत्सव बाल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर निखारने का कार्य करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत श्रेष्ठ 2047 विजन में कला-संस्कृति का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

- विजेताओं का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष सौरभ जैन ने कहा कि कला एवं संस्कृति बच्चों के सर्वांगीण विकास का अहम पहलू है। नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य राजेश चंदानी ने बताया कि यह कार्यक्रम केंद्रीय शिक्षा व साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा समर्थित है, जिसकी शुरुआत 2015 में हुई थी। इस वर्ष कला उत्सव में गायन, वादन, नाटक, दृश्य कला, शास्त्रीय/उपशास्त्रीय नृत्य, पारंपरिक कहानी वाचन सहित 12 विधाओं में प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर दिया गया। अब मूल्यांकन कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों का समेकित रूप से किया जा रहा है।

विकासखण्ड स्तर से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। गायन एकल में न्याशा साहू, गायन समूह में हेल्पिंग हैंड स्कूल खरोरा, तालवादन समूह-लोक में सुयश एवं साथी, नृत्य एकल-शास्त्रीय में चंचल रिजवानी, नृत्य सामूहिक-लोक, जनजातीय में हीना एवं साथी, दृश्य कला एकल में अर्चिता निषाद, दृश्य कला त्रिआयामी में ईशा वर्मा तथा पारंपरिक कहानी वाचन समूह में मयंक बघेल एवं गिवेश चौबे विजेता रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भूतपूर्व छात्र एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश उधवदास तहिलियानी का सम्मान किया गया। डॉ. तहिलियानी हर्बल प्राकृतिक औषधि निर्माण के क्षेत्र में विश्व स्तर पर ख्यात हैं। उन्होंने विद्यालय की प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय के लिए एक लाख की दान राशि दी। निर्णायक मंडल में संगीता रानी जेहवास, अंजली देवदास, नीतू देवदास, संध्या झा, यशोदा ध्रुव, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, संतोष वर्मा, राजेश नायक, विकास शर्मा एवं विजय ध्रुव शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन दौलत धुरंधर एवं जितेंद्र कुमार वर्मा ने किया। अंत में प्राचार्य राजेश चंदानी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कला उत्सव "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" पहल का सशक्त माध्यम है, जो विद्यार्थियों में सांस्कृतिक गर्व और अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करता है।

## जन चेतना मंच ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस



**भाटापारा।** ग्राम पंचायत खपराडीह में जन चेतना मंच द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना और उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में जन चेतना मंच के प्रमुख सदस्य किरण पोरते, राजेंद्र नेताम, हनुमत मंडावी, उदल सिंग नेताम, नर्सिंग नेताम, और सरवन ध्रुव शामिल थे। इनके साथ सरपंच ज्ञानचंद नेताम और पंच भुवनेश्वर ध्रुव और राजेंद्र उपाध्याय भी मौजूद थे। इन सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर आदिवासी समुदायों की समस्याओं और उनकी विशिष्टताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## नवाचार और रचनात्मकता कार्यशाला में मिडिल स्कूल के प्रधानपाठकों ने लिया हिस्सा



**खरोरा।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन इकाई तिल्दा के तत्वावधान में एफएलएन की प्राप्ति हेतु नवाचार गतिविधियों, रचनात्मक लेखन, पुस्तकालय के प्रभावी प्रयोग आदि विषयों पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन विकासखंड तिल्दा के नवीन प्राथमिक शाला मांठ में किया गया। इस कार्यशाला में अड़सेना, गनियारी, बंगोली, खरोरा, घिवरा, इल्दा, बेलदार सिवनी, असौंदा, पचरी, कनकी, मुरा व भड़हा संकुल के प्रधान पाठक उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण का संचालन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की मुख्य प्रशिक्षक परना के साथ प्रशिक्षकगण कैलाश वर्मा संकुल समन्वयक, घिवरा, नारायण प्रसाद देवांगन सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला नायक टांड़ एवं झालाराम वर्मा सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला परसदा क द्वारा किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि यह कार्यशाला अत्यंत उपयोगी रही, जिसमें प्रशिक्षकों द्वारा अनेक महत्वपूर्ण और व्यावहारिक जानकारियां प्रदान की गई, जो शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी एवं रोचक बनाने में सहायक होंगी।

## शुक्लाभाटा पंचायत में सीसी रोड निर्माण का शुभारंभ



**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत शुक्ला भाटा में जिला खनिज निधि योजना के तहत 10 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन एवं निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच संघ अध्यक्ष अजय गर्ग, पंचगण गिरधारी वर्मा, हेमलाल निर्मलकर, एन कुमार सोनवानी, रामगोपाल यादव, काशी ध्रुव, पूर्व पंच कुंजलाल यादव, पूर्व पंच दुलेश ध्रुव सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य को विकास की दिशा में अहम कदम बताते हुए सराहना की और समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण होने की उम्मीद जताई।

**पेज 9 के शेष**

### दुर्घटना में घायल ...

सज बड़े खून बह रहा था, लेकिन सैकड़ों राहगीरों ने उसे अनदेखा कर दिया। राजू वर्मा ने अपनी दुकान बंद की और तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। सहायता के लिए हर द्वार खटखटाया, फिर भी मदद नहीं मिली। वर्मा ने सबसे पहले 1962 में पशु चिकित्सा आपातकालीन सेवाओं के लिए एक टोल-फ्री नंबर पर कई बार कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। स्थानीय डॉक्टरों से संपर्क किया, पर सबने टालमटोल किया। उन्होंने श्री सीमेंट प्लांट प्रबंधन से भी मदद मांगी, लेकिन वहां से भी निराशा हाथ लगी।

### बलार बांध से सिंचित ...

किसानों की मांग पर प्रभारी मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल एवं जिला प्रशासन बलौदा बाजार से चर्चा हो चुकी है वें 12 अगस्त को बलार बांध से पानी छोड़ेंगे, जिससे किसानों को राहत मिलेगी।

### तलवार लहराने वाला...

जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत पाए जाने पर उसे मौके पर ही पुलिस ने धारा-25,27 आर्म्स एक्ट गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को दे दी है और उसे न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

### भोजली प्रतियोगिता में...

के मुख्य अतिथि पवन साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार के द्वारा ग्राम वासियों को 3 लाख रुपए देने की घोषणा की की गई और भोजली प्रतियोगिता में हुए खर्च के लिए 10 हजार नगद दिया गया। वहीं जनपद सदस्य शिव वर्मा जनपद सदस्य द्वारा 2 लाख देने की घोषणा की गई। विशिष्ट अतिथि प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र, मोनू साहू, भुवनेश्वरी, हेमंत यादव, सरपंच सरिता जयसवाल, प्रदेश कार्य समिति महिला मोर्चा भरत दास मानिकपुरी, पंकज घृतलहरे, सरपंच विशवा कुमार पटेल, सरपंच सोमनाथ पटेल, सरपंच रामनाथ यादव, पूर्व सरपंच अनुपम बाजपेई, भाजपा लवन मंडल अध्यक्ष त्रिवेणी मानिकपुरी, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमलता, योगेश भारद्वाज उप सरपंच परसापाली की उपस्थिति में भोजली प्रतियोगिता में प्रथम ईनाम 5555 रुपए व शील्ड केजा बाई समूह, दूसरा इनाम 4444 रुपए शील्ड शामकुवर समूह, तीसरा इनाम 3333 रुपए शील्ड हीरा कलि समूह, चतुर्थ ईनाम 2222 रुपए शील्ड शकुंतला समूह को प्रदान किया गया व सभी प्रतिभागियों को समिति द्वारा सांत्वना पुरस्कार दिया गया, जिसमें सम्मिलित जय भोले जन सेवा समिति के अध्यक्ष लालजी राव, उपाध्यक्ष डिगेश यादव, सचिव मनीराम, कोषाध्यक्ष शिवचरण, सदस्य मनीष यादव, तोरण वर्मा, टेकराम, राजकुमार, महेश्वर, निलेश, दयाराम, ग्रामवासी तुलाराम, तेजू, रवि, नारायण, अर्जुन, नरोत्तम, गुरुदयाल, बलदेव, मोरध्वज, शिव नोखाराम सहित ग्रामवासी सम्मिलित रहे ।

### मुड़पार में हुआ ब्लॉक स्तरीय आयोजन

# 30 मंडलियों ने दी रामायण की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला






ग्राम मुड़पार में ब्लॉक स्तरीय रामायण महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन संत तुलसीदास की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें क्षेत्र की लगभग 30 गांवों की रामायण टोलियों ने भाग लिया। सभी टोलियों ने श्रद्धापूर्वक रामायण गाथा का पाठ प्रस्तुत किया, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा प्रणाली में केवल आधुनिकता नहीं, बल्कि संस्कार युक्त शिक्षा का समावेश भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा आज के बच्चे अंग्रेजी और तकनीकी शिक्षा तो प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन हमारी सांस्कृतिक और नैतिक शिक्षा कहीं न कहीं पीछे छूट रही है। यदि बच्चों को संस्कारों से परिपूर्ण शिक्षा दी जाए, तो वे न केवल अच्छे नागरिक बनेंगे बल्कि भविष्य में देश का नेतृत्व भी संस्कारी युवा करेंगे। मुख्य अतिथि ने सभी से आग्रह किया कि वे रामायण, श्रीमद्भागवत गीता और अन्य शास्त्रों का नियमित अध्ययन करें और अपने बच्चों को भी इन महान ग्रंथों से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी टोलियों को सम्मानित किया गया और आयोजन समिति द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया। समूचे आयोजन में भक्तिमय वातावरण रहा और क्षेत्र में सांस्कृतिक चेतना का संचार हुआ।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
08 अगस्त 2025 SHOW TIME
महा अवतार नरसिम्हा
शो समय - 12,3,6,9 PM
अंदाज - 2
शो समय - 12 PM,6 PM
उदयपुर फाइल्स-कन्हैया लाल मर्डर
शो समय - 3 PM
सन ऑफ सरदार - 02
शो समय - 9 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### फसल बचाने गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की मांग

**मुंडा**। आसपास क्षेत्र व लवन तहसील के अंतर्गत आने वाले अनेक गांव में लगभग एक माह से बारिश नहीं होने के चलते खेतों में दरारें पड़ने लगी है। किसान आए दिन अच्छी बारिश होने की आस लगाए हुए हैं। वहीं आसपास गांव के लोग गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की मांग कर रहे हैं। मुंडा से उमाशंकर वर्मा, सूमेर वर्मा, परमेश्वर साहू, लाल वर्मा, पूर्व सरपंच थानू वर्मा, बलभद्र साहू, प्रवीण पांडे, मेला राम रजक, बरदा से तिलकराम, कोमल प्रसाद वर्मा, शुक्ला वर्मा, नरेंद्र वर्मा, गिरधारी लाल वर्मा, जुगनू धृतलहरे, सरपंच देवमती दुकालू बंजारे, पैजनी से गिरवर प्रसाद वर्मा, हलधर प्रसाद वर्मा, पूर्व सरपंच प्रमोद वर्मा, रेशम लाल वर्मा, टीकाराम साहू, सरपंच बाऊ वर्मा, ढनढनी से कमल रात्रे, दिनेश जोशी, रमेश जोशी, मुन्नालाल, मनोहर जोशी, चिरपोटा से मोरध्वज वर्मा, राधा कृष्ण, यावत वर्मा, मानकुवर वर्मा सहित आसपास क्षेत्र के लोग शामिल हैं।

### परसुली सोसाइटी में लगा शिविर

**नर्रा**। प्राथमिक साख सहकारी समिति परसुली परिसर सोमवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नर्रा क्षेत्र के गांवों के किसान उपस्थित रहे। शिविर में कृषि विस्तार अधिकारी राकेश आर्य ने जिन किसनों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का राशी खाते में नहीं आने के कारण बताकर सुधार किया गया। कृषक कार्ड भी बनाया गया। इस दौरान प्राधिकृत अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य लोचन पटेल, कृषि विस्तार अधिकारी राकेश आर्य, समिति प्रभारी राजेश पटेल किसान तुलाराम पटेल आदि मौजूद रहे।

### सीएचसी बसना में लगा हेल्थ कैंप

**महासमुंद**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में मेंटल हेल्थ फिक्स डे कैंप आयोजित किया गया। जहां 35 मानसिक मरीजों में देखा गया। जिसमें मुख्यतः 18 साइकोसिस, 5 बाईपोलर, 6 डिप्रेशन, 3 ऐंजाइटी, 1 सीजर, 2 एल्कोहल एडिक्सन विथड्रॉल को निदान कर निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। डॉ नारायण साहू बीएमओ, ढोलचंद नायक बीपीएम व स्टॉफ का सहयोग रहा। मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लिनिक से डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, रामगोपाल खूंटे साइकेट्रिक सोसल वर्कर व टेकलाल नायक मानिटरिंग व स्टॉफ के साथ मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया।

### जोराडबरी चक में विश्व आदिवासी आदिवासी पर सुवा, कर्मा दलों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

# आदिवासी समाज की संस्कृति, परम्परा को संजोय कर रखना हम सबकी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



ब्लॉक के नगर पंचायत रोहांसी जोरा डबरी में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। विभिन्न गांवों से आये हुए समाजिक सदस्यों ने आदिवासी वेशभूषा में सुवा, कर्मा, दलों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव ने कहा कि समाज को समाजिक आर्थिक राजनीतिक रूप से जल जंगल जमीन की रक्षा करते हुये अपनी रीति नीति संस्कृति परम्परा को संजोय कर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी ने समाज को सन्देश दिया, मानव सभ्यता के सबसे प्राचीन लोगों में आदिवासियों की गिनती होती है, आदिवासियों की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन पद्धति हजारों साल पुरानी है। मानव सभ्यता में मौजूद कृषि, शिकार, हतशिल्प, आयुर्वेद चिकित्सा जैसी चीजें इसी समाज की देन है, बावजूद इसके आदिवासी समाज और उनकी पहचान पर सवालिया निशान लगे हुए हैं। विश्व आदिवासी दिवस से मौके पर यह समझना जरूरी है कि आदिवासियों के मुद्दे क्या है- आदिवासियों का सबसे बड़ा मुद्दा है जल-जंगल-जमीन आदिवासी समाज सामूहिकता में जीता है और इसी वजह से उनके सारे रीति-रिवाज समाज आधारित हैं, चाहे जन्म हो, मृत्यु हो या फिर कोई पर्व-त्योहार, आदिवासी समाज के लोगों की अपनी भाषा, संस्कृति है। वे अपने पारंपरिक पहनावे को पसंद करते हैं और उनका खान-पान भी अलग है, उनकी धार्मिक मान्यताएं भी अलग है, आदिवासियों का एक ही मुद्दा है जल-जंगल और जमीन सीधे-सीधे कहें तो धरती। इसी मुद्दे के इर्द-गिर्द उसके जीवन की सारी बातें घूमती हैं, चाहे हम बात संस्कृति की करें या फिर समुदाय की बात करें, वाल्टर कंडुलना कहते हैं कि पेसा कानून के तहत आदिवासियों को अपने जल-जंगल-जमीन पर अधिकार मिल गया है, यह कानून आदिवासियों के पारंपरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों को सुरक्षित करता है, किसको किस तरह का अधिकार मिलेगा इत्यादि सर्व आदिवासी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष भानू, जिला कोषाध्यक्ष अभय ध्रुव, जिला सांस्कृतिक सचिव केशव कुंजाम, दशरथ ध्रुव, अध्यक्ष लवन महासभा शिव सिँह नेताम, संतलाल ध्रुव, आशा राम ध्रुव, जनक राम ध्रुव, दिलेश ध्रुव, नेहरू ध्रुव, तीरथराम ध्रुव, भगवान सिंग ध्रुव, कार्तिक राम ध्रुव, जयकुमार ध्रुव, अजय ध्रुव, भूपेंद्र ध्रुव, नोहरी लाल, रामचंद्र पुडेती, मन्नूलाल ध्रुव, महासिंग ध्रुव, दिलीप ध्रुव, पूरन सिँह, तोरण ध्रुव, खिलावान प्रेमसिंह, राजकुमार, मनीराम, धजाराम ध्रुव, कल्याण, चेतन पैकरा रवि खिलेश ध्रुव, टामन ध्रुव, उमाशंकर, मुकेश, गोविन्द पैकरा, प्रकाश ध्रुव, खुमेश ध्रुव, राजा ध्रुव, समाज सेवी दयाराम ध्रुव, आदिवासी समाज मातृ शक्ति पितृ शक्ति उपस्थित रहे।

## शिकारिकेशली में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस








**सुहेला**। ग्राम शिकारिकेशली में विश्व आदिवासी दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 4 ईशान वैष्णव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खुमान सिंह नेताम अध्यक्ष अटल परिषद ने की। विशिष्ट अतिथि नोहरी लाल मंडावी, कमल किशोर बंजारे, संतो बाई नेताम, दुर्गेश्वर ध्रुव, नारायण नेताम, कुलसिंह नेताम, सेकसराम नेताम, प्रमराम ध्रुव एवं नकुल ध्रुव मंचासीन रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ईशान वैष्णव ने मुगलों के खिलाफ संघर्ष में महाराणा प्रताप के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़े भील आदिवासियों के योगदान को याद किया। साथ ही उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष और बलिदान को नमन किया। जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा –हमारे आदिवासी समाज की वीरता, संस्कृति और योगदान देश के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। इसे संजोना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी समाज की सामूहिक गतिविधियों और आयोजनों के लिए ग्राम शिकारिकेशली में 10 लाख की लागत से एक भव्य सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा, जिससे समाज के कार्यक्रमों और बैठकों के लिए एक स्थायी स्थल उपलब्ध हो सकेगा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। मंच संचालन विनम्रता और गरिमा के साथ किया गया तथा आयोजन को सफल बनाने में समस्त ध्रुव आदिवासी गोंड समाज शिकारिकेशली अटल परिषद के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## ट्रस्ट के सदस्यों ने बछड़े की बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत माता सेवा ट्रस्ट अपने व्यापक उद्देश्यों के साथ निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य ,पर्यावरण, स्वच्छता तथा गौमाता की रक्षा जैसे कार्यों को संपादित कर सेवा कार्य की निरंतरता के साथ आगे बढ़ रहा है। सेवा के इस क्रम में एक कड़ी और जुड़ गया जब ग्राम कोकड़ी में एकायक एक बछड़ा को 5-7 कुत्तों द्वारा लगातार नोच कर लहूलुहान व घायल कर दिया गया। निःसहाय बछड़ा दर्द से छटपटाता रहा, तभी मौके पर ट्रस्ट के सदस्य रोजगार सहायक भूपेंद्र घृतलहरे पंहुचा और बछड़े की गंभीर स्थिति को देखकर ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर से आवश्यक मार्गदर्शन लेकर पशु-चिकित्सक डॉ. केशव साहू को सूचित किया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच अभिषेक घृतलहरे, सौरभ वर्मा, सत्यम रजक, छोटू, अभीनीत जायसवाल, पुरूषोत्तम ध्रुव, धनंजय वर्मा पिपराही, हेमू दशरमा आदि युवा साथी भी मौके पर पहुंच गए। सभी साथी मिलकर गौमाता के संतान की प्राथमिक उपचार कराके एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाया और बछड़े की जान बचाई। ट्रस्ट के अध्यक्ष धुरंधर ने गौ सेवा करते हुए बछड़े की जान बचाने में सहायक सभी युवाओं व डॉ. साहू को भारत माता सेवा ट्रस्ट की ओर से साधुवाद दिया है।

## भोजली प्रतियोगिता में भगवती समूह प्रथम...



**मुंडा**| ग्राम पंचायत कोलिहा में इस वर्ष भी आदर्श युवा संगठन के तत्वावधान में श्रीराम चौक में भोजली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | 10 बजे श्रीराम चौक में प्रत्येक प्रतिभागियों ने पहुंचकर नाम दर्ज कराये, जिसमें 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया| प्रथम इनाम भगवती समूह को 5000 रुपए, दूसरा वर्षा समूह को 4000, तीसरा वेदिका ग्रुप को 3000 और चौथा इनाम मीनाक्षी ग्रुप को ढाई हजार रुपए से सम्मानित किया गया| कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रकांत यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉ. देवेश वर्मा, देवेंद्र वर्मा, सुरेंद्र यादव, पवन साहू, बरनलाल वर्मा थे। कार्यक्रम की विशेष सहयोगी आयोजन समिति के अध्यक्ष हीरेंद्र कश्यप, उपाध्यक्ष सोहन वर्मा, सचिव दिलेश्वर वर्मा, कोषाध्यक्ष कालेश्वर वर्मा, संचालक दिनेश वर्मा, सदस्य लोकेश वर्मा, किरण वर्मा, राकेश वर्मा, ताम्रध्वज वर्मा, नागेश वर्मा, गोपी वर्मा सहित ग्राम वासी सम्मिलित रहे|

## पर्यावरण संरक्षण के लिए रक्षाबंधन पर पेड़ को बांधी राखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

रक्षाबंधन पर्व और भारत माता सेवा ट्रस्ट के आह्वान पर लवण में अशोक पेड़ का पूजन कर रक्षा सूत्र बांधा गया एवं पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर टेसूलाल धुरंधर अध्यक्ष भारत माता सेवा ट्रस्ट, अनुपम बाजपेयी अध्यक्ष भाजपा मंडल लवन, गिरधारी लाल वर्मा जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, शिव मंगल सिंह चौहान अध्यक्ष नगर पंचायत लवन, नरेंद्र साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत लवन, रामलाल कुर्रे मंडल अध्यक्ष लाहोद, विजय यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष, प्रशांत यादव जिला महामंत्री युवा मोर्चा, चन्द्रभूषण वर्मा महामंत्री मंडल लवन, हेमंत साहू, रामनाथ यादव, दुर्गेश बाजपेयी,भारत भूषण साहू, सर्वेन्द्र साहू,रम्हैया लाल यादव, समविवेक दास मानिकपुरी, अश्वनी वर्मा, रामखिलावन वर्मा, गेंदराम सेन, दिलीप बंदे, तोषकुमार यादव, अखिलेश मिश्रा, गायेश्वर साहू, चुणामणी सिंघम, भावेश तिवारी, बृजरतन लोधी, विजय गोयल, अजय साहू, अमित वर्मा, हरप्रसाद बार्वे, संतोष साहू, विजय साहू, सुमेन्द्र बार्वे, सुनील टोण्डरे, किशोर बंजारे, उषा देवी साहू मंत्री लवन मंडल, शांति देवी कोशले मंत्री मंडल लवन के साथ बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।



By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश,
श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री,
श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
30 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
25 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22501/- ऑफर 19,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)


### बिजली कटौती से नहीं हो रही सिंचाई

# बारिश के अभाव में खेतों में पड़ीं दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



अंचल में इन दिनों बारिश की कमी और सिंचाई के अभाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में बोई गई धान की फसल पानी के अभाव में मुरझाने लगी है और मिट्टी में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं। स्थिति यह है कि कई किसानों ने बोरवेल और पंपसेट से पानी देने की कोशिश की, लेकिन बिजली बार-बार बंद होने के कारण सिंचाई का काम भी अधूरा रह जाता है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि लगातार कई दिनों से पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण खेत सूखने लगे हैं। धान की फसल इस समय पानी की सबसे अधिक जरूरत वाली अवस्था में है, लेकिन बिजली कटौती और पानी की कमी ने फसल को संकट में डाल दिया है। कुछ किसानों ने बताया कि इन दिनों कई घंटे बिजली गायब रहती है, जिससे मोटर चलाकर खेतों तक पानी पहुंचाना संभव नहीं हो पा रहा। खेतों में पानी की कमी का असर अब फसल की बढ़वार पर साफ दिखाई देने लगा है। मिट्टी में आई दरारें इस बात का सबूत हैं कि जमीन की नमी खत्म हो चुकी है। यदि जल्द बारिश नहीं हुई या बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है। किसान चिंतित हैं कि कई महीनों की मेहनत और लागत पानी की कमी के कारण बेकार न चली जाए। गांव-गांव में किसान आसमान की ओर नजरें गड़ाए हुए हैं, उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही मेघा बरसे और उनके खेतों में फिर से हरियाली लौट आए। वर्तमान हालात में केवल समय पर बारिश और नियमित बिजली आपूर्ति ही किसानों की मेहनत को बचा सकती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर,
18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411